हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 11 नवंबर 2025
[अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13. 0 डिग्री

यातायात नियमों का पालन नहीं करने के कारण हो रहे हादसे
4



## खबर संक्षेप

### एग्रीस्टैक पंजीयन में छूटे खसरों के लिए 13 तक विशेष शिविर

**जांजगीर-चांपा।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान विक्रय करने वाले कृषकों के लिए शासन द्वारा सभी खसरों का एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य किया गया है। जिले में अब भी कुछ कृषकों के खसरे (फार्म आईडी) एग्रीस्टैक पोर्टल में दर्ज नहीं हो पाए हैं। ऐसे कृषकों के लिए जिले की सभी प्राथमिक कृषि साख समितियों में 10 से 13 नवम्बर तक विशेष पंजीयन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में कृषक अपने छूटे हुए खसरा को जोड़वा सकते हैं।

### दुर्घटना में मृत छात्र के परिजन को जनप्रतिनिधियों ने की आर्थिक मदद

**अकलतरा।** नगर पंचायत नरियरा के दो छात्र अतुल साहू एवं आदित्य निर्मलकर ट्यूशन पढ़कर वापस अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान 9 नवंबर की सुबह 7:30 बजे बिलासपुर की दिशा में जा रही कैप्सूल क्रमांक सीजी 12 एस 1669 के चालक के द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए विद्यार्थियों के बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में अतुल साहू की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं आदित्य निर्मलकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका इलाज अपोलो अस्पताल बिलासपुर में चल रहा है। मृत छात्र अतुल साहू के परिजनों को नगर पंचायत नरियरा के जनप्रतिनिधियों के द्वारा सामूहिक रूप से 50 हजार रुपए की आर्थिक मदद की गई।

### दुर्घटना प्रतिकर स्कीम के तहत मृतक व घायलों के राशि स्वीकृत

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के निर्देशन में जिले में पहली बार टक्कर मारकर भागना मोटरयान दुर्घटना प्रतिकर स्कीम 2022 के प्रकरणों में पीड़ित पक्षों को प्रतिकर राशि स्वीकृत की गई है। ग्राम चंडीपारा, दुपट्टा मोड़ मेन रोड पर 9 जुलाई 2022 को हुई सड़क दुर्घटना में मृतक रूपचंद साहू पिता स्व. प्रेमचंद साहू, उम्र 51 वर्ष, साकिन गोधना, थाना नवागढ़, के विधिक प्रतिनिधि के रूप में उनकी पत्नी श्रीमती शैलकुमारी साहू को घोर अपहति की स्थिति में प्रतिकर स्वरूप 2 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। गिन्नी पेट्रोल पंप के सामने अकलतरा रोड, जांजगीर में 23 अक्टूबर 2022 को हुई टक्कर मारकर भागने की मोटर यान दुर्घटना में घायल उत्तम राठौर पिता भोजराम राठौर, उम्र 51 वर्ष, को घोर अपहति के प्रकरण में प्रतिकर स्वरूप 50 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। उपरोक्त राशि जीआईसी मुबई द्वारा जारी होगा।

### सात लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मालखरौदा।** शराब के अवैध भंडारण व परिवहन पर कार्रवाई करते हुए 7 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ा है। मामला मालखरौदा थाना क्षेत्र का है। मालखरौदा आबकारी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 10 नवंबर को ग्राम आमनदुला में राजकुमार जोगी पिता भूरवा दास द्वारा अवैध रूप से शराब रखने और बिक्री मिली। राजकुमार जोगी के मकान में दबिश दी गई। आरोपी के 7.44 लीटर महुआ व देशी प्लेन शराब जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। न्यायालय से प्राप्त न्यायिक रिमांड पर आरोपी को जेल निरुद्ध की कार्यवाही की गई। उक्त कार्रवाई आबकारी विभाग द्वारा की गई।

### ज्वेलरी शॉप से सोने के चेन पार करने वाला की खोजबीन जारी

**जांजगीर-चांपा।** खरौद के एक ज्वेलरी शॉप से सोने की चेन पार करने वाले आरोपी की तलाश शिवरीनारायण पुलिस द्वारा की जा रही है। बताया जाता है कि आरोपी द्वारा सोने की चैन डिब्बा उठाकर ले गया हे। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस द्वारा आरोपी की खोजबीन की जा रही है।

### उपार्जन केन्द्रों में कहीं नजर नहीं आ रही तैयारी

# चार दिन बाद शुरू होनी है धान खरीदी प्रभारी व ऑपरेटर तक का पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर की जाने वाली धान खरीदी को शुरू होने में सिर्फ चार दिन ही रह गए है। वहीं जिले के उपार्जन केन्द्रों में कहीं कोई तैयारी नजर नहीं आ रही है। स्थिति यह है कि समिति कर्मचारियों की हड़ताल के चलते केन्द्रों में प्रभारी ओर ऑपरेटर तक की जिम्मेदारी तय नहीं हो सकी है। इधर हालात को देखते हुए विभाग द्वारा हड़ताली को नोटिस करने के साथ व्यवस्था बनाने की बातें कही जा रही है।

गौरतलब है कि राज्य शासन की मंशा अनुसार प्रदेश में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होनी है। इसके लिए पिछले महीनों से पंजीयन, एग्रीस्टेक पंजीयन, नामिनी सहित अन्य प्रक्रिया चली आ रही है। इसके साथ ही शासन द्वारा 15 नवंबर से धान खरीदी की शुरूआत करने केन्द्रों में व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए है, लेकिन सेवा सहकारी समिति के कर्मचारियों की बेमियादी हड़ताल ने इस व्यवस्था पर ग्रहण लगा दिया है। स्थिति यह है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने में अब सिर्फ 4 दिन का ही समय शेष रह गया है और उपार्जन केन्द्रों में साफ सफाई, लाईटिंग सहित अन्य व्यवस्था तो दूर की बात विभागीय स्तर पर धान खरीदी केन्द्र प्रभारी, कम्प्यूटर आपरेटर के नाम तक फाईनल नहीं हो पाए है। जिले में इस बार 101 सेवा सहकारी समिति अंतर्गत कुल 129 उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होनी है, जहां प्रभारी और आपरेटर की नियुक्ति के साथ फड पर पूरी व्यवस्था 15 नवंबर के पूर्व दुरूस्त होनी चाहिए, लेकिन जिस तरह से समिति कर्मचारियों की बेमियादी हड़ताल चल रही है, उसके चलते मैदानी स्तर पर कहीं कोई तैयारी नजर नहीं आ रही है।




#### हडताली कर्मचारियों को अल्टीमेटम

ऐन धान खरीदी शुरू होने के पूर्व अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने वाले समिति कर्मचारियों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाते हुए कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। जिला सहकारी बैंक प्रबंधन द्वारा जिले के 101 सेवा सहकारी समिति अंतर्गत 129 खरीदी केन्द्रों में प्रभावित हो रही व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए हड़ताली समस्त कम्प्यूटर ऑपरेटर, विक्रेता, भृत्य सभी को नोटिस जारी करके तीन दिनों के भीतर काम पर लौटने कहा गया है। वहीं इस नोटिस की अवहेलना करते हुए काम पर नहीं लौटने पर उनके खिलाफ 2018 सेवा अधिनियम की कंडिका 16 के तहत कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

#### जारी रहेगा आंदोलन

चार सूत्रीय मांगों को लेकर सेवा सहकारी समिति संघ का आंदोलन जारी रहेगा। शासन द्वारा जो नोटिस दिया गया है। उसका भी जवाब दिया जाएगा। मांग पूरी नहीं होने पर हड़ताल आगे भी जारी रहेगा।

-रवि राठौर,
अध्यक्ष, सेवा सहकारी समिति संघ जांजगीर चांपा

#### जारी किए हैं नोटिस

शासन के निर्देशानुसार 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ होनी है। हड़ताली समिति कर्मचारियों को तीन दिनों के भीतर काम पर लौटने नोटिस जारी किए है, अन्यथा उनके खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में उपार्जन केन्द्रों में व्यवस्था बनाई जा रही है।

-अमित साहू
नोडल अधिकारी
जिला सहकारी बैंक जांजगीर

# वन भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण उड़नदस्ता टीम ने की कार्रवाई

### बलौदा क्षेत्र के कटरा जंगल का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण मामले में वन विभाग की उडनदस्ता टीम ने 0. 614 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। साथ ही साथ वन परिक्षेत्र के लोगों को अतिक्रमण ना करने की समझाईश दी गई।

गौरतलब है कि वनमण्डलाधिकारी हिमांशु डोंगरे के निर्देशन में बलौदा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आर. एफ. 55 कटरा परिसर में वन भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही वन विभाग के उड़नदस्ता दल द्वारा की गई। मौके पर वन परिक्षेत्र अधिकारी के नेतृत्व में वन अमले की टीम ने कार्यवाही करते हुए वन भूमि पर बनी अवैध झोपड़ियो एवं झालो को हटवाया। इस कार्यवाही में कुल 0.614 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। दल ने मौके पर उपस्थित निवासरत लोगो को समझाईस दी तथा स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने के लिए प्रेरित किया। वन परिक्षेत्र अधिकारी एस. पी. राठिया ने बताया कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण वन अधिनियम के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। विभाग द्वारा समय-समय पर इस प्रकार की कार्यवाही कर वन क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रतिबध्द्ध है। इस कार्यवाही में उड़नदरता प्रभारी टेकराज सिंह सिदार, वनरक्षक अशोक सोनी, अभिषेक कुर्रे सहित विभागीय अमले की सक्रिय भूमिका रही। वन विभाग द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे वन भूमि पर अवैध कब्जा या निर्माण से बचें तथा वन संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन बनाये रखने में सहयोग करने की अपील की है।





वन भूमि से अतिक्रमण को हटाते अमला।

# जुआ फड पर पुलिस की दबिश आधा दर्जन जुआरी गिरफ्तार



जब्त रुपए के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने के मामले में पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं उनके कब्जे से 56 हजार 450 रुपए जब्त भी किया है। मामला चांपा थाना का है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 10 नवंबर को चांपा पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि चांपा शहर के कैलाश नगर कालोनी में कुछ लोगों के द्वारा सार्वजनिक स्थान पर रुपए का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना के आधार पर चाम्पा पुलिस टीम का छापेमारी कार्रवाई की गई। जहां दिनेश राठौर पिता बजरंग राठौर उम्र 41 वर्ष निवासी कैलाश नगर, चाम्पा, सूरज ठाकुर पिता मुन्ना सिंह ठाकुर उम्र 29 वर्ष निवासी कैलाश नगर, चाम्पा, बिंदेश्वर गोपाल पिता विश्वनाथ गोपाल उम्र 45 वर्ष निवासी बरपाली चौक चाम्पा, विक्रम पिता शिव कुमार सिंह राजपूत उम्र 45 वर्ष निवासी कचरा गोदाम, चाम्पा, संदीप उर्फ संजू यादव पिता त्रिभुवन यादव उम्र 29 वर्ष निवासी बिजली ऑफिस के पास चाम्पा, रवि यादव पिता अजय यादव उम्र 31 वर्ष निवासी बरपाली यादव मोहल्ला चाम्पा एवं निखिल कर्ष पिता शांतिलाल कर्ष उम्र 26 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। जुआरियों के कब्जे से 56 हजार 450 रुपए की जब्ती बनाई गई। थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में घेरा बंदी करके 7 जुआरियों को पकड़ा गया जिनके कब्जे से कुल 56 हजार 450 रुपए रुपए तथा 52 पत्ती ताश जप्त किया गया।

### नवीन उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** विकासखंड अकलतरा के ग्राम कोटमीसोनार एवं नगर पंचायत नरियरा के वार्ड क्रमांक 1 व 13 के नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान आबंटन के लिए 25 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। बलौदा व अकलतरा एसडीएम ने बताया कि विकासखंड अकलतरा के ग्राम कोटमीसोनार एवं नगर पंचायत नरियरा के समस्त स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, सेवा सहकारी समिति आदि से शासकीय उचित मूल्य दुकान प्राप्त करने हेतु इच्छुक संस्था, समूह से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र के साथ-साथ संलग्न के रूप में समूह का पंजीयन प्रमाण पत्र, वर्तमान माह से विगत एक वर्ष खाता स्टेटमेंट की छायाप्रति के साथ 25 नवम्बर को कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी रा अकलतरा में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# रुपए नहीं देने पर रास्ता रोककर प्राणघातक हमला, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर रास्ता रोककर प्राणघातक हमला करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम धुरकोट का है।

**खास बात**
- सिटी कोतवाली जांजगीर के ग्राम धुरकोट की घटना

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संजोग कुमार बरेठ निवासी नवाभाठा धुरकोट द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 8 नवंबर को अपने साथी लालू उर्फ अंतराम के साथ अपने मोटर सायकल घर जा रहा था कि ग्राम धूरकोट के बिजली आफिस के पास पहुंचा था। तभी गांव का रामजी सूर्यवंशी उसका भाई मनोज सूर्यवंशी तथा विरेन्द्र सूर्यवंशी एंव ददुआ चारो लोग दो मोटर सायकल से आकर प्रार्थी के मोटर सायकल के सामने अडाकर शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगे तो उन्हे पैसे देने से मना किया तो चारो लोग प्रार्थी और उसके साथी को हत्या करने के नियत से राड एंव डण्डा से प्राण धातक हमला कर कर चोंट पहुंचाया वंहा से भाग गये जिसकी सूचना रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना जांजगीर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त रॉड, डंडा एवं उपयोग किए मोटर सायकल को जप्त किया गया। उपरोक्त कार्यवाही कर निरीक्षक मणिकांत पाण्डेय थाना प्रभारी जांजगीर एवम थाना स्टाफ का योगदान रहा।

**इन आरोपियों को किया गिरफ्तार**

रामजी रत्नाकर उर्फ बड़े गुड्डु पिता अभयराम रत्नाकर जाति सूर्यवंशी उम्र 40 वर्ष, विरेन्द्र कुमार लशार उर्फ छोटू पिता कौशल लसार उम्र 29 वर्ष, नंद किशोर मार्चे उर्फ ददुवा पिता गजाधर मार्च उम्र 22 वर्ष एवं मनोज कुमार रत्नाकर पिता अभयराम रत्नाकर उम्र 26 वर्ष सभी निवासी ग्राम धुरकोट को गिरफ्तार किया गया।



पुलिस गिरफ्तार में आरोपी।

# आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के मामले में 4 चढ़े पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** आत्म हत्या के लिए उत्प्रेरित करने के मामले में 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला सिटी कोतवाली का है।

मिली जानकारी के अनुसार 28 जून को रोहित कुमार सूर्यवंशी उम्र 35 साल ने आत्महत्या कर लिया था। बताया जाता है कि अपने हिस्से का जमीन का बटवारा को मांगने पर कुछ लोगों द्वारा उनसे मारपीट कर करता था। जिससे तंग आकर रोहित ने जहर सेवन कर आत्महत्या कर ली। ज़हर सेवन से उनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने से मर्ग जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया था। पीएम रिपोर्ट एवं एफएसएल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी जितेन्द्र, महेन्द्र, बिहारी, गिरधारी सभी निवासी धुरकोट को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।



# शासकीय भूमि पर लहलहा रही धान की फसल, कार्रवाई नहीं



शासकीय भूमि पर लहलहा रही फसल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

मालखरौदा ब्लाक के ग्राम पंचायत मुक्ता में गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर धान की फसल लगाई गई है। वहीं इस पर कार्रवाई को लेकर अफसर मौन साधे हुए है। इस मामले को लेकर प्रार्थी द्वारा एसडीएम से शिकायत करते हुए फसल जब्त करने की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मुक्ता के राजेंद्र कुमार गबेल ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मालखरौदा को शिकायत कर शासकीय भूमि में लगे धान की फसल को जप्त करने तथा लगाने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। शिकायत में उसके द्वारा बताया गया है कि उसके द्वारा तहसीलदार मालखरौदा को ज्ञापन सौंपा था। गांव के एक व्यक्ति द्वारा शासकीय भूमि खसरा नंबर 359 /1 जिस पर बेजा कब्जा कर धान की फसल लगाई है। जिस पर राजस्व विभाग के पटवारी द्वारा 30 मई को मौका जांच कर प्रतिवेदन तहसीलदार को सौप था। जिसमें स्पष्ट रूप से लिखा था कि ग्राम मुक्ता निवासी एक व्यक्ति द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किया है साथ ही इस भूमि पर लगातार धान की फसल लगाकर मुनाफा कमा रहा है।

### होर्डिंग लोगो के माध्यम से दी जाएगी नियमों की जानकारी

# सड़क दुर्घटना रोकने 20 स्थानों पर लगाए जाएंगे संकेतक बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सड़क दुर्घटना रोकने यातायात पुलिस द्वारा 20 से अधिक स्थानों पर संकेतक बोर्ड लगाया जाएगा। साथ ही साथ होर्डिग्स लोगों के माध्यम से यातायात नियमों संकेतों एवं चिन्हों के माध्यम से लोगों को जानकारी प्रदान की जाएगी।

ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए, उचित बचाव एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में जांजगीर चाम्पा पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान के माध्यम से जिले के 20 प्रमुख स्थानों एवं दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में यातायात जागरूकता संबंधी होर्डिंग बोर्ड लगाया जा रहा है। यातायात जागरूकता संबंधी होर्डिंग बोर्ड का उद्देश्य यातायात जागरूकता संबंधी होर्डिंग बोर्ड लगाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करना और सड़क सुरक्षा में सुधार करना है। ये होर्डिंग दुर्घटना जन्य, चौराहों और व्यस्त इलाकों में लगाए जाते हैं ताकि अधिक से अधिक लोग उन्हें देख सकें और सुरक्षित वाहन चलाने के महत्व को समझें, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आए। जागरूकता बढ़ानाः होर्डिंग का लक्ष्य लोगों को नियमों का पालन करने और ध्यान भटकाने वाली गतिविधियों से बचने के लिए प्रोत्साहित करना है, जैसे कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करना,बिना हेलमेट गाड़ी न चलाना या शराब पीकर गाड़ी न चलाना। सुरक्षा में सुधारः इन होर्डिंग से लोगों में सुरक्षित रहने की भावना बढ़ती है और उन्हें जीवन के महत्व का एहसास दिलाती है। सड़क सुरक्षा में सुधारः ये होर्डिंग सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करते हैं और एक संरचित प्रणाली बनाने में मदद करते हैं। व्यापक दृश्यताः होर्डिंग को उन स्थानों पर लगाया जाता है जहां लोगों का आना-जाना अधिक होता है, जिससे संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचता है। नियमों की जानकारीः ये होर्डिंग लोगों को यातायात नियमों, संकेतों और चिह्नों से परिचित कराने का एक प्रभावी तरीका हैं।




यातायात विभाग द्वारा लगाया गया होर्डिग्स।



# 5 दिसंबर को रिलीज होगी स्पाई थ्रिलर एक्शन फिल्म धुरंधर

**मुंबई।** रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म धुरंधर इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक और पोस्टर जारी किया है। । 'धुरंधर'5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म की कहानी को लेकर अभी ज्यादा कुछ तो सामने नहीं आया है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि यह एक स्पाई-थ्रिलर एक्शन फिल्म होगी। मेकर्स ने फिल्म से अर्जुन रामपाल के फर्स्ट लुक के बाद अब आर माधवन का लुक भी जारी कर दिया है। इस फर्स्ट लुक में आर माधवन को कर्म के सारथी के रूप में दिखाया गया है।

## लाइफ Style

# शेफाली

## वर्दी पहनते ही एकदम बदल जाती है चाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जानी-मानी अदाकारा शेफाली शाह ने यूं तो अपने कॅरियर की शुरुआत टीवी से की। फिर सत्या, मॉनसून वेडिंग, दिल धड़कने दो और वक्त जैसी फिल्मों के लिए चर्चा में रहीं, लेकिन उनकी एक्टिंग का असली दमखम दिखा ओटीटी पर।

जब वह एमी अवॉर्ड विनिंग सीरीज 'दिल्ली क्राइम' में मैडम सर यानी एसीपी वर्तिका चतुर्वेदी के रूप में नजर आईं। इसके बाद तो वह ह्यूमन, डार्लिंग्स, जलसा और थ्री ऑफ अस जैसी हर फिल्म, हर सीरीज से दर्शकों के दिल में अपनी छाप मजबूत करती गईं। 'दिल्ली क्राइम 2' के लिए प्रतिष्ठित एमी अवॉर्ड जीतने वाली शेफाली अब इसके तीसरे सीजन में लौटी हैं। जाहिर है यह शो उनके लिए बेहद स्पेशल है। वह कहती हैं कि उन्हें इस शो और किरदार से बेहद प्यार है। शेफाली बताती हैं, 'मेरा एक्साइटमेंट तभी शुरू होता है, जब मुझे पता चलता है कि इस शो का नया सीजन आ रहा है। मुझे इस शो और मैडम सर से प्यार है। हालांकि, जब सेट पर जाने का वक्त आता है तो मेरा टेंशन, स्ट्रेस सब बढ़ जाता है। ऐसा लगता है कि मुझे कुछ नहीं आता, लेकिन जब मैं उसके जूते में पैर रखती हूं, मेरी चाल बदल जाती है। वह यूनिफॉर्म पहनते ही मुझमें अचानक एक चौड़ आ जाती है। वैसे, यह इमोशनली आपको सुखा देने वाला शो है। बहुत इंटेंस शो है। मैंने तीन सीजन कर लिए, मगर कभी भी ऐसा नहीं लगा कि सबकुछ आसान है। मैं सब आसानी से कर रही हूं, क्योंकि हर बार अलग केस है तो उनका रिएक्शन अलग होगा।



## हॉलीवुड मसाला



# सबसे अधिक नौ नॉमिनेशन

**लॉस एंजिल्स।** ग्रैमी अवॉर्ड्स 2026 के नॉमिनेशंस का ऐलान हो गया है। इसमें रैपर केंड्रिक लैमर को सबसे अधिक 9 नॉमिनेशन मिले हैं। लिस्ट में लेडी गागा से लेकर जस्टिन बीबर तक का नाम है, लेकिन टेलर स्विफ्ट को एक भी नॉमिनेशन नहीं मिला है। अगले साल 1 फरवरी, 2026 को लॉस एंजिल्स के क्रिप्टो.कॉम एरिना में यह पुरस्कार दिए जाएंगे। शुक्रवार को ऐलान हुए ग्रैमी नॉमिनेशन में रैपर केंड्रिक लैमर को सबसे अधिक 9 नामांकन मिले हैं।




# फिर से करेंगी वकील बनने की तैयारी...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री और मॉडल किम कार्दशियन इन दिनों वकील बनने की तैयारी कर रही हैं। किम कार्दशियन ने हाल ही में अपनी कैलिफोर्निया बार परीक्षा के परिणाम के बारे में बताया, जिसमें वो असफल हो गई हैं। हालांकि इस हार से वो परेशान नहीं हुई हैं। उन्होंने बताया कि वह पढ़ाई करेंगी और इस परीक्षा को दोबारा देंगी। किम कार्दशियन ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट लिखा है। उन्होंने कहा, 'मैं अभी वकील नहीं हूं, बस टीवी पर अच्छे कपड़े पहनकर वकील का किरदार निभाती हूं। इस वकालत के सफर में छह साल हो गए हैं, जब तक मैं बार की परीक्षा पास नहीं कर लेती, मैं पूरी तरह से इसमें लगी हुई हूं। कोई शॉर्टकट नहीं, कोई हार नहीं बस और ज्यादा पढ़ाई और और भी ज्यादा दृढ़ संकल्प की जरूरत है।'



# जूडी हॉप्स के किरदार को हिंदी में दी आवाज

**मुंबई।** श्रद्धा कपूर हॉलीवुड फिल्म 'जूटोपिया 2' के कारण चर्चा में हैं। वो इस फिल्म के सबसे प्यारे किरदार जूडी हॉप्स की आवाज बनेंगी। इसका ट्रेलर रिलीज हो गया है और फैंस को खूब पसंद भी आ रहा है। ये फिल्म इसी महीने थिएटर्स में रिलीज होने के लिए एकदम तैयार है। 'जूटोपिया 2' के ट्रेलर से पता चलता है कि जूडी और निक की कहानी एक बार फिर रोमांचक, मजेदार और दिल को छू लेने वाली होगी। जूटोपिया की इस रंगीन दुनिया में इस बार नए चैलेंज, समझदारी भरा ह्यूमर और वही खास इमोशनल गहराई है, जिसने पहली फिल्म को दुनिया भर में हिट बनाया था। फिल्म में हिंदी में श्रद्धा कपूर ने जूडो को आवाज दी है। फैंस ने कहा कि एक्ट्रेस की आवाज जूडी हॉप्स के किरदार में बिल्कुल सही बैठती है।



# बीएसएफ की जम्मू मैराथन में हुए शामिल...

**मुंबई।** बीएसएफ की जम्मू मैराथन में प्रतियोगियों का हौसला बढ़ाने के लिए अभिनेता सुनील शेट्टी भी पहुंचे हैं। वह मैराथन इवेंट को लेकर उत्साहित दिखे। साथ ही अभिनेता ने बताया कश्मीर में आने वाले दिनों में फिल्मों की शूटिंग हो सकती है। सुनील ने पीटीआई से बातचीत में कहा, 'लोग मुझे फिल्म 'बॉर्डर' में निभाए भैरों सिंह (आर्मी ऑफिसर) के किरदार की वजह से पहचानते हैं। यह जम्मू में मेरी पहली मैराथन है। उम्मीद है कि आगे भी कई मैराथन होंगी। मेरी कोशिश हर बार आने की रहेगी।' अभिनेता ने बीएसएफ के साहस, देश की सीमाओं की रक्षा में उनके योगदान को भी सराहा। आगे सुनील शेट्टी कहते हैं, 'कश्मीर में हुई मैराथन में भी में गया हूं। जल्द ही विक्रम राजदान, शब्बीर बॉक्सवाला और एक दोस्त बिनॉय गांधी हैं, जो इसी साल कश्मीर में फिल्मों की शूटिंग शुरू करेंगे।

## टीवी मसाला



# सलमान ने दिखाया मृदुल का असली चेहरा, सुनते ही उड़ गए होश

**नई दिल्ली।** बिग बॉस में फरहाना भट्ट बुरी तरह टूट चुकी हैं। वीकेंड का वार में सलमान खान ने उनकी कही हर बात से उनका सामना कराया। साथ ही फरहाना ने शो पर माफी भी मांग कि उन्होंने जो कहा उसके लिए वह पछता रही हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने ये भी कहा कि क्या मैं इतनी बुरी हूं। लेकिन, मृदुल की तो सलमान खान ने खूब क्लास लगाई। जैसे-जैसे फिनाले करीब आ रहा हैं।शो में सभी लोगों का अलग रूप देखने को मिल रहा हैं। जहां गौरव खन्ना का फरहाना पर गुस्सा फूटा वहीं, मृदुल का भी एक अलग रूप घर में अब नजर आने लगा हैं। मृदुल को तो सलमान ने चेतावनी तक दे डाली हैं। वीकेंड के वॉर में सलमान ने बताया कि कैप्टेंसी टास्क के दौरान मृदुल ने फरहाना को ऐसा धक्का मारा कि वह अनबैलेंड हो गईं। इसके बाद तो कुछ ऐसा हुआ कि वह शो में दिखाया ही नहीं गया। वो सीन महिलाओं के खिलाफ हिंसा की कैटेगरी में आता था। सलमान ने उसी बात को याद करते हुए, 'टास्क के दौरान मृदुल ने एक लड़की को इस तरह धकेला कि वह और कोहनी मारी कि हम वो वीडियो एपिसोड में डाल ही नहीं पाए। क्योंकि, यह महिलाओं के खिलाफ हिंसा मानी जाती हैं।'सलमान खान ने अपनी बातचीत में मृदुल से कहा कि ने उन्होंने फरहाना को धमकी भी दी थी अगर दोबारा तुमने मुझे धक्का मारा तो मैं तुम्हें खींचकर मारूंगा। इसके बाद सलमान ने उन्हें चेतावनी भी दी कि 'अगली बार ऐसा कुछ करना, करके देख लेना मृदुल। एक बार आप ऐसा करके देखों फिर देखों क्या होता है। अगर जो दिख रहा है वो तुम हो तो शो के शुरुआत में जो मासूम दिख रखा था, वो क्या था?

## 'तारक मेहता' में 8 साल बाद होगी टप्पू की वापसी!

**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे लोकप्रिय और लंबे समय से चल रहा शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार चर्चा का विषय एक्टर भव्य गांधी हैं। उनके किरदार टप्पू की आज भी बात होती है और उनके शो में वापस आने की खबरें जोरों पर बैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में भव्य ने शो में अपनी वापसी को लेकर एक अहम बयान दिया, जिससे फैंस में एक्साइटमेंट बढ़ गई है। भव्य गांधी ने 2008 में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में टप्पू के किरदार से एंट्री की थी। अपनी मासूमियत और एक्टिंग से उन्होंने दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। वह लगभग 7 साल तक शो का हिस्सा रहे और 2017 में शो को अलविदा कह दिया। उनके जाने से दर्शक काफी निराश हुए, क्योंकि टप्पू का किरदार शो की जान माना जाता था। भव्या के जाने के बाद पहले यह रोल राज अनादकट ने निभाया था और अब नितेश भुलानी निभा रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह शो में वापसी करना चाहेंगे, तो भव्य ने मुस्कुराते हुए कहा, 'हां, क्यों नहीं? मैं जरूर शो में वापसी करना चाहूंगा। अगर मैं वापस लौटता हूं, तो यह मेरी लाइफ का क्लोजर होगा।'



# अनुष्का की 'चकदा एक्सप्रेस' से 7 साल बाद पर्दे पर वापसी

**मुंबई।** साल 2018 में आई 'जीरो' के बाद बड़े पर्दे से दूर रहीं अनुष्का की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस' एक बार फिर चर्चा में आ गई है। दरअसल, खबर है कि निर्माताओं ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत के बाद नेटफ्लिक्स के शीर्ष अधिकारियों को पत्र लिखकर फिल्म रिलीज करने की गुजारिश की है। उनका कहना है कि झूलन गोस्वामी जैसी महान खिलाड़ी पर बनी ये बायोपिक दर्शकों तक पहुंचनी चाहिए और किसी विवाद या अड़चन से ऊपर उठकर फिल्म को रिलीज किया जाना चाहिए। बॉलीवुड की वो खूबसूरत अदाकारा जिसकी पहली ही फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी। एक्ट्रेस ने शाहरुख खान के साथ फिल्मी पर्दे पर कदम रखा था। इस हसीना के कॅरियर की पहली ही फिल्म यशराज बैनर्स तले बनी थी जो बड़ी-बड़ी एक्ट्रेसेस का ख्वाब होता हैं। एक्टिंग के बाद उन्होंने प्रोडक्शन में किस्मत आजमाई और वहां भी खूब सफलता हासिल की, लेकिन कॅरियर के पीक पर हसीना ने शादी कर फिल्मों से लंबा ब्रेक ले लिया और अब 7 साल बाद उनके कमबैक को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। ये खूबसूरत अदाकारा जिसकी आज बात कर रहे हैं वो अनुष्का शर्मा हैं।



***सलमान , शाहरुख और आमिर के साथ दीं फिल्में :*** साल 2010 में एक्ट्रेस रजनीश शर्मा की फिल्म बैंड बाजा बारात में रणवीर सिंह के साथ नजर आई थीं। अनुष्का और रणवीर की केमिस्ट्री को फिल्म में काफी पसंद किया गया और दूसरी ही फिल्म सेउनके कॅरियर ने रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी। एक्टिंग से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली अनुष्का ने कुछ ही समय में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के बड़े-बड़े स्टार सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान के साथ फिल्में दीं। एनएच 10, सुल्तान, पीके, संजू, सुई धागा, परी जैसी फिल्मों की सफलता से अनुष्का शर्मा ने दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट जैसी एक्ट्रेसेस को टक्कर देकर टॉप हीरोइनों की बीच अपनी जगह बनाई।

***शादी के बाद फिल्मी पर्दे से चलीं गईं दूर :*** विराट कोहली के साथ परिणय सूत्र में बंधते ही अनुष्का फिल्मी पर्दे से धीरे-धीरे दूर होती चलीं गईं। उन्होंने फिल्मों में काम करना कम कर दिया। कपल ने साल 2021 में अपनी पहली बेटी वामिका का स्वागत किया और पिछले साल दोनों ने अपने दूसरे बच्चे अकाय का स्वागत किया। अब 7 साल पर्दे से दूर रहने के बाद एक बार फिर अनुष्का शर्मा के कमबैक को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# महेश बाबू और राजामौली की साथ में पहली फिल्म

**मुंबई।** महेश बाबू और राजामौली की साथ में एसएसएमबी 29 पहली फिल्म है और इसी वजह से फैंस का उत्साह चरम पर है। एस एस राजामौली बाहुबली और आरआरआर जैसी फिल्मों से भारतीय सिनेमा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिला चुके हैं। वहीं, महेश बाबू साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े स्टार्स में से एक माने जाते हैं। दोनों का साथ आना फैंस के लिए किसी बड़े सिनेमाई त्योहार से कम नहीं है। इस फिल्म की पहली झलक 15 नवंबर को होने वाले ग्लोब ट्रॉटर इवेंट में दिखाई जाएगी। इस मेगा इवेंट के आयोजन की तैयारी जोरों पर है और फैंस के बीच काउंटडाउन शुरू हो चुका है। यह खास इवेंट हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में आयोजित किया जाएगा, जहां देश-विदेश से मीडिया और फिल्म इंडस्ट्री के बड़े चेहरे मौजूद रहेंगे। 'ग्लोब ट्रॉटर' को भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े लॉन्च इवेंट्स में से एक बताया जा रहा है। फिल्म की टीम ने सोशल मीडिया पर इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा है कि सिर्फ सात दिन में शुरू होगा- भारत का सबसे ऐतिहासिक ग्लोबल लॉन्च इवेंट'। वहीं, सुपरस्टार महेश बाबू ने भी अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर करते हुए



लिखा- 15 नवंबर के लिए गिनती शुरू हो चुकी है, मिलते हैं एक ऐतिहासिक पल के साथ।' फिल्म एसएसएमबी 29 की स्टारकास्ट की बात करें तो इसमें महेश बाबू लीड रोल में नजर आएंगे, जबकि उनके साथ प्रियंका चोपड़ा फीमेल लीड के रूप में शामिल हैं। विलेन के रूप में पृथ्वीराज सुकुमारन का अहम किरदार रहेगा।

## 1999 में मिला गॉडमदर के लिए पांचवां नेशनल फिल्म अवॉर्ड

# कभी पेट्रोल पंप पर कॉफी बेचकर कमाए थे 30 रुपए, अब उनके नाम हैं 5 नेशनल अवॉर्ड

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो भारत की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में शामिल हैं। आज वह लगभग 200 करोड़ रुपए की संपत्ति की मालकिन हैं। उनका ताल्लुक रचनात्मक घराने से रहा है। अपने संघर्ष के दिनों में उन्होंने कभी पेट्रोल पंप पर कॉफी बेचकर 30 रुपए कमाए थे।*



### पिता थे मशहूर कवि

हम जिस अभिनेत्री की बात कर रहे हैं वह शबाना आजमी हैं। 18 सितंबर 1950 को हैदराबाद में जन्मी शबाना आजमी के पिता कैफी आजमी एक मशहूर कवि और गीतकार थे। उनकी मां शौकत आजमी रंगमंच अभिनेत्री थीं। ऐसे रचनात्मक माहौल में पली-बढ़ीं शबाना अभिनय की ओर आकर्षित हुईं। समय के साथ, वह भारत की सबसे सम्मानित अभिनेत्रियों में से एक बन गईं। शबाना आजमी भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) की पूर्व छात्रा हैं। अपने संघर्ष के दिनों में, उन्होंने एक बार अपने अभिनय संस्थान की तरफ से आयोजित एक चैरिटी अभियान में भाग लिया। यहां उन्होंने एक पेट्रोल पंप पर कॉफी बेची और अपनी पहली तनख्वाह के रूप में 30 रुपए कमाए।

### अंकुर से की कॅरियर की शुरुआत

आजमी ने 1974 में श्याम बेनेगल की फिल्म 'अंकुर' से अपने कॅरियर की शुरुआत की। पहली ही फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। उन्होंने अर्थ, खंडहर और पार में अपने अभिनय के लिए लगातार तीन वर्षों, 1982 से 1984 तक सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल फिल्म अवॉर्ड जीतकर इतिहास रच दिया। 1999 में, उन्हें गॉडमदर के लिए पांचवां नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला।

### 150 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

पांच दशकों से भी ज्यादा के करियर में, शबाना आजमी ने कई भाषाओं और शैलियों की 150 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया है। अभिनय के अलावा, वह महिला अधिकारों की एक प्रमुख आवाज हैं। उनका वकालत का काम अक्सर उनकी कला से जुड़ा होता है। वह अपने मंच का उपयोग बदलाव लाने के लिए करती हैं।

### 200 करोड़ रुपए की संपत्ति

1984 में, शबाना ने दिग्गज गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर से शादी की। पहले जावेद की शादी अभिनेत्री और लेखिका हनी ईरानी से हुई थी। जावेद और हनी के दो बच्चे हैं, फरहान अख्तर और जोया अख्तर। इस जोड़े ने बच्चे न होने का फैसला किया। कई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार शबाना आजमी की कुल संपत्ति लगभग 200 करोड़ रुपए आंकी गई है। यह भारतीय सिनेमा में उनके प्रभाव और सफलता को दर्शाती है।

## खबर संक्षेप

### बंदोरा में छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति का अनावरण



**मालखरौदा।** छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूरा होने पर पूरे छत्तीसगढ़ में रजत जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी के तहत ब्लॉक के ग्राम पंचायत बंदोरा में भी इस अवसर पर ग्राम पंचायत स्तरीय राज्योत्सव मनाया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ महतारी के मूर्ति का अनावरण मुख्य अतिथि विद्यासिदार जिला पंचायत सभापति व भारतीय जानता पार्टी के प्रदेश मंत्री एवं जनपद पंचायत मालखरौदा के अध्यक्ष कवि शरण वर्मा एवं जनपद पंचायत मालखरौदा के मुख्यकार्यपालन अधिकारी संदीप कश्यप व जैजैपुर के मुख्यकार्यपालन अधिकारी योगेस्वर यादव ग्राम के पूर्व सरपंच श्री मिट्ठू लाल वर्मा ग्राम पंचायत बंदोरा के सरपंच नवधा लालू गबेल सचिव खिलेस्वर चंद्रा ग्राम के उपसरपंच / पंच गण व ग्राम के गणमान्य नागरिक गण, मातृशक्ति, व जनपद पंचायत मालखरौदा के अधिकारी कर्मचारी के विशेष उपस्थित में राज्य उत्सव व छत्तीसगढ़ महतारी के मूर्ति अनावरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय ने मीनाक्षी को दी पीएचडी

**चांपा।** डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय ने मीनाक्षी चंद्रा को भौतिकी में उनके शोध विषय स्टडी आफ



माइक्रोवेव डाइलेक्ट्रिक प्रॉपर्टीज ऑफ़ हर्बल बेस्ड सॉइल इन रिलेशन टू सोशियो– इकोनामिक ग्रोथ के लिए डॉक्टर आफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने यह शोध कार्य विज्ञान संकाय के डीन डॉ. ए.के श्रीवास्तव के निर्देशन में पूर्ण किया है। वर्तमान में शासकीय एम. एम.आर. स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांपा में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं एवं सहायक अभियंता मनमोहन चंद्रा की धर्मपत्नी है।

### अंतिम समय में धान की फसल पर भूरा माहो का प्रकोप



**बहेराडीह।** धान की फ़सल में इस बार पिछले साल की भांति भूरा माहो का प्रकोप बहुत ही कम है। कहीं कहीं धान की फ़सल में रस चूसक कीट भूरा माहो का कहर देखने को मिला है। किसानों का मानना है कि इस बार किसानों ने जिले में हुई यूरिया और डीएपी की किल्लत को देखते हुए तथा अधिक कीमतों पर रासायनिक खाद मिलने की वजह से खेतों में लगी धान की फ़सल में कम मात्रा में उपयोग किया गया था। इसीलिए इस साल धान की खेती में भूरा माहो का प्रकोप नहीं के बराबर हैं। वहीं बिजली लाईट या सड़क पर उड़ते हुये माहो शाम या रात में देखने को नहीं मिला है। सिवनी के प्रगतिशील किसान व किसान संगवारी रामाधार देवांगन व बहेराडीह के किसान मुरित राम यादव ने बताया कि पिछले साल धान की फ़सल में रस चूसक कीट भूरा माहो का प्रकोप बहुत अधिक थीं। मगर इस बार बिल्कुल ही धान की फ़सल पर भूरा माहो का प्रकोप बिल्कुल नहीं के बराबर है। वहीं सड़क पर या बिजली लाईट के प्रकाश में भूरा माहो उड़ते हुये या मंडराते हुये दिखाई नहीं दें रहीं है। वैसे खेती किसानी को लेकर काम करने वाले अनुभवी किसानों का मानना है कि इस बार रासायनिक खाद की किल्लत और महंगाई को देखते हुए खेती में धान की फ़सल में उपयोग पिछले साल के बजाय कम उपयोग किया गया है। जिसके कारण इस बार धान की फ़सल में भूरा माहो का प्रकोप बहुत कम दिखाई दें रहीं है।

## समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियमित फील्ड विजिट करें अधिकारी : महोबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सोमवार 10 नवंबर को साप्ताहिक समय-सीमा बैठक लेकर विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित फील्ड विजिट करें, कार्य दिवसों के साथ अवकाश दिवसों में भी फील्ड निरीक्षण करें ताकि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

कलेक्टर ने ई-ऑफिस प्रशिक्षण को गंभीरता से लेकर कर्मचारियों की शंकाओं का समाधान करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित फील्ड विजिट करें, कार्य दिवसों के साथ अवकाश दिवसों में भी फील्ड निरीक्षण करें ताकि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान विक्रय करने वाले कृषकों के लिए शासन द्वारा सभी खसरों का एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य किया गया है। जिले में अब भी कुछ कृषकों के खसरे (फार्म आईडी) एग्रीस्टैक पोर्टल में दर्ज नहीं हो पाए हैं। ऐसे कृषकों के लिए जिले की सभी प्राथमिक कृषि साख समितियों में विशेष पंजीयन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में कृषक अपने छूटे हुए खसरा को जोड़वा सकते हैं। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि इस योजना के तहत प्रगति दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक पंचायत एवं नगरीय क्षेत्र में शिविर लगाकर नागरिकों को आवेदन से लेकर इंस्टॉलेशन तक की संपूर्ण जानकारी दी जाए ताकि अधिक से अधिक लोग योजना का लाभ उठा सकें। बैठक में उन्होंने रोजगार मेला और ऋण मेला के आयोजन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए अवसर होता है। अतः संबंधित अधिकारी तैयारी सुनिश्चित करने एवं व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सड़क मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता पर भी सख्ती दिखाई और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण और मरम्मत कार्यों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराए जाएं। कलेक्टर श्री महोबे ने सभी शासकीय खरीदी नियमानुसार जेम पोर्टल से करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जेम पोर्टल की व्यवस्था लागू की गई है, अतः सभी विभाग इसका शत-प्रतिशत पालन करें। बैठक में शासन की प्राथमिक योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना, सड़क मरम्मत एग्रीस्टैक पंजीयन आदि की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने उप संचालक कृषि को किसानों को पराली न जलाने एवं पैरादान करने हेतु प्रेरित करने कहा। साथ ही किसानों को फसल चक्र, मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर आर.के. तंबोली सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# यातायात नियमो का पालन नहीं करने के कारण हो रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

शासकीय डॉ इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय में यातायात जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान यातायात निरीक्षक ललन पटेल द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए यातायात नियमों का पालन करने जानकारी दी गई।

- शासकीय डॉक्टर इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया



जागरुकता अभियान में उपस्थित छात्र–छात्राएं एवं कॉलेज स्टाफ।

उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल अपने लिए ही नहीं बल्कि दूसरों की जान बचाने के लिए भी करना चाहिए।

नगर के शासकीय डॉ इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय में यातायात सुरक्षा की जानकारी देने के लिए यातायात जागरूकता अभियान निरीक्षक ललन पटेल के उपस्थिति में चलाया गया। यातायात निरीक्षक ललन पटेल ने छात्र छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा कि आज अगर आंकड़े देखें तो पता चलता है कि सड़क दूर्घटना में होने वाली मौतों का कारण हेलमेट नहीं पहनना है साथ ही यातायात के नियमो का पालन नहीं करना भी एक वजह है। यातायात नियमों का पालन केवल अपने लिए ही नहीं बल्कि दूसरों की जान बचाने के लिए भी करना चाहिए। आज ऐसे कितने ही लोग हैं जो दूसरों की यातायात जानकारी नहीं होने के कारण दूर्घटना के शिकार हो जाते हैं और जान गंवा देते हैं। छात्र छात्राओं को गाड़ी चलाते हुए बात नहीं करने का आग्रह करते हुए कहा कि आज मोबाइल में बात करते हुए गाड़ी चलाने के कारण भी बहुत दूर्घटनाएं हो रही है साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी महाविद्यालय परिवार को तेज गति से गाड़ी नहीं चलाने कि भी अपील की है। सड़क दूर्घटना का कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले खुद तो घायल होते हैं साथ ही दूसरे की जान भी जोखिम में डालते हैं। इसके साथ ही उन्होंने मालवाहक चालकों और ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि मालवाहक वाहनों में सवारी नहीं बैठाने की अपील भी की है।

उन्होंने छात्र छात्राओं को कहा कि ये जानकारी अपने अड़ोस-पड़ोस में भी दे। इसके साथ ही उन्होंने साइबर फ्राड से बचने का उपाय बताया किसी भी कंपनी द्वारा भेजे गए वेबसाइट पर क्लिक ना करें। इससे आपका खाते के रुपए खत्म हो सकता है। किसी भी फोन काल या मैसेज पर अपना ओटीपी न बताएं। नौकरी या इनाम के लालच में न आये और प्रोसेसिंग फीस या रजिस्ट्रेशन फीस ना दे। आजकल एटीएम मशीन पर स्कीमर नाम का छोटा सा यंत्र लगाकर पिन कोड चुराया जाता है इसलिए सावधान रहें। सार्वजनिक वाई-फाई का इस्तेमाल करते समय लेन-देन से बचें। किसी भी वेबसाइट पर अपनी जानकारी डालते समय URL में htpps:// ओर लाक का चिन्ह जरूर देखें। सारी सावधानी के बाद भी अगर साइबर फ्राड के शिकार हो जाये तो तुरंत 1930 पर काल करें। इसके साथ अपने मोबाइल से WWW cy bercrime gov in पर शिकायत दर्ज कराये। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# कृषि पखवाड़ा के माध्यम से किसानों को फसल विविधीकरण के लिए किया जा रहा प्रोत्साहित

**सक्ती।** कृषि पखवाड़ा के माध्यम से किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन-तिलहन की खेती को बढ़ावा देने एवं रबी फसलों की तैयारी पर विशेष ध्यान देने किसानों को नई तकनीकी सलाह दी जा रही है।

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिले के सभी विकासखण्डों के ग्राम पंचायतों में 1 नवम्बर से 18 नवम्बर तक कृषि पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सभी विकासखण्डों के ग्राम पंचायत मसनिया कला, जेठा, बाराद्वार बस्ती, गोबरा, चंद्रपुर, कांशीडीह, बडे सीपत, देवगांव, बोड़ासागर, लोहराकोट, हसौद, रायपुरा, चिस्दा, धिवरा में कृषि पखवाड़ा का आयोजन विगत दिवस को किया गया। कृषि पखवाड़ा में जल की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन एवं तिलहन फसलों को बढ़ावा देने हेतु किसानो से अपील की जा रही है। सिंचित नमी का उपयोग तथा पारम्परिक पद्धति के उपयोग द्वारा दलहन, तिलहन क्षेत्र विस्तार की किसानों को जानकारी दी जा रही है। कृषि पखवाड़ा में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि



योजनांतर्गत लंबित ई-केवाईसी, भूमि विवरण, आधार सीडिंग का कार्य भी किया जा रहा है। एग्रीस्टेक पंजीयन से वंचित किसानो का शिविर के माध्यम से पंजीयन किया जा रहा है। कृषि पखवाड़ा में फसल विविधीकरण, रबी में बीज उत्पादन कार्यकम लेने हेतु किसानों को जानकारी दी जा रही है। जिससे उन्नत बीज के क्षेत्र में भी किसान आत्मनिर्भर हो सके। किसान क्रेडिट कार्ड (के.सी.सी.) के माध्यम से किसानों को अल्पकालीन फसल ऋण लेने हेतु जागरूक किया जा रहा है साथ ही मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर रबी फसल में अनुशांसित उर्वरक का उपयोग हेतु किसानों को जागरूक भी किया जा रहा है।

# मतदाता सूची की शुद्धता ही लोकतंत्र मज़बूती की आधारशिला : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हसौद

भारतीय जनता पार्टी हसौद मण्डल द्वारा 9 नवम्बर को दोपहर 1 बजे मंडी प्रांगण हसौद में एसआईआर-2025 निर्वाचन नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण के निमित्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम गीत के साथ हुआ, जिसके 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में

- भाजपा हसौद मंडल में एसआईआर निर्वाचन नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यशाला सम्पन्न

उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से गीत गाया और राष्ट्रप्रेम की भावना को अभिव्यक्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विधायक, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सभापति जिला पंचायत सक्ती निर्मल सिन्हा उपस्थित रहे। उन्होंने निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता का यह दायित्व है कि वह अधिक से अधिक योग्य मतदाताओं का नाम



बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अतिथि।

सूची में जोड़वाने में सहयोग करे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता ही लोकतंत्र की मज़बूती की आधारशिला है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष कैलाश साहू, जिला संयोजक पंचायत प्रकोष्ठ सम्पूर्णानंद मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष शत्रुघन यादव, मण्डल महामंत्रीगण राजकुमार कश्यप एवं जगेश्वर चन्द्रा, मण्डल उपाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी एवं उत्तरा कश्यप, कोषाध्यक्ष ओगेन्द्रपुरी गोस्वामी, प्रचार प्रसार प्रमुख संतोष केंवट, मीडिया प्रभारी सौरभ शुक्ला, सोशल मीडिया प्रभारी शिवचरण ज्वाला, कार्यालय सह प्रभारी हरिराम कर्ष तथा भाजयुमो जिला कोषाध्यक्ष शिवम् जायसवाल सहित मण्डल के सभी कार्यकर्ता, शक्ति केन्द्र प्रभारी, संयोजक एवं सभी बूथ अध्यक्ष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यशाला में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई और कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर मतदाता सूची की जांच, संशोधन एवं नए नाम जुड़वाने की प्रक्रिया को लेकर दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने आगामी निर्वाचन की तैयारी में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष शत्रुघन यादव ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हसौद मण्डल टीम एकजुटता और समर्पण के साथ भाजपा संगठन को मज़बूती प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम का संचालन मण्डल महामंत्री राजकुमार कश्यप द्वारा किया गया एवं अंत में वंदे मातरम के पुनः गान के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

# जनजातियों के मसीहा थे भगवान बिरसा मुंडा : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला में भगवान बिरसा मुंडा गौरव पखवाड़ा का शुभारंभ एसडीम सुमित बघेल द्वारा बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा झारखंड के रहने वाले थे। उन्होंने अंग्रेजों से टक्कर लेते हुए आदिवासियों की रक्षा कर खनिज संपदा को दोहन होने से बचाया था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कृषि उपज मंडी अकलतरा के सचिव श्रीमती मोनिका उरांव ने कहा कि बिरसा मुंडा का जन्म 1875 में तथा निधन सन 1900 में झारखंड में हुआ। वे हमारे जनजाति समाज के राष्ट्रीय गौरव पुरुष थे। श्रीमती उरांव ने विद्यार्थियों को जनजाति संस्कृति, परंपरा, उत्सव धर्मी, नित्य कला में निपुण, संगीत, गीत, जीवन गाथा, इत्यादि के बारे में बताकर शिक्षकों, एवं विद्यार्थियों का मन जीत लिया। विशिष्ट अतिथि एवं शाला की भूतपूर्व छात्रा व वर्तमान पार्षद श्रीमती सुनीता सिंह ने बिरसा मुंडा के संघर्ष एवं जीवन गाथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। संस्था के रविंद्र सिंह बैंस ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा झारखंड ही नहीं पूरे भारत देश के गौरव थे।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं अन्य।

अंग्रेजों के विरुद्ध उनके संघर्ष को हमारा देश सदैव याद रखेगा, इसीलिए उनकी स्मृति को चिरस्थाई बनाए रखने के लिए भारत देश एवं झारखंड राज्य के विभिन्न संस्थाओं का नाम बिरसा मुंडा के नाम से रखा गया है यह उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम के दौरान शाला के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसकी सभी ने प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन अर्चना शर्मा ने तथा आभार प्रदर्शन शिक्षक बिमला बघेल ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक जी सावलानी, नीलम धीरही, प्रियंका सिंह चौहान, पुष्पा जयसवाल, धनाराम राय, प्रेमलताकुर्रे, स्नेहा खैरवार, कांति कंवर एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# विधायक ने कापन में किया विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

विधायक राघवेंद्र कुमारसिंह ने ग्राम-कापन में विधायक निधि से स्वीकृत 5 लाख रू लागत राशि से बनने वाले सांस्कृतिक मंच, 10 लाख रुपए की लागत से पीडीएस गोदाम निर्माण एवं मुक्तिधाम निर्माण कार्य सहित कुल 20 लाख रू लागत राशि के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने ग्रामवासियो को आश्वास्त किया कि आने वाले दिनों में ग्राम विकास को लेकर कई और कामों की स्वीकृति दिलाने का प्रयास रहेगा। इस दौरान श्री सिंह ने बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा करते हुए हाल-चाल जाना एवं उनकी समस्याए सुनी। गांव वालों ने बढ़ी हुई बिजली



निर्माण कार्यों का भूमि पूजन करते विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह।

बिल को लेकर परेशानी बताई और कहा कि दोगुना-तिगुना बिल आ रहा है तब श्री सिंह ने कहा कि यह पुरे प्रदेश की समस्या है कांग्रेस पार्टी इसके खिलाफ लड़ाई-लड़ रही है। चर्चा करते हुवे उन्होंने कहा कि गावों में मुक्तिधाम नही होना दुःखद है मेरा प्रयास है कि जिन-जिन गावों में मुक्तधाम नहीं है वहीं प्राथमिकता से इसका निर्माण कराऊं। कार्यक्रम में गाँव के सरपंच वीरू प्रधान, उपसरपंच विजेंद्र गौतम, राजू दीवान, अतुल गौतम, ईश्वर नाथ, विनोद मंशागर, राजकुमार कुम्भज,मोटे बरेठ, विजय निर्मलकर, सरिता कश्यप, प्रभा वर्मा, अमीर लाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल थे।

# सेवाभाव के साथ अत्याचार एवं शोषण रोकने की दिशा में करें काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

शक्ति जिले की छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन की प्रथम बैठक 10 नबंवर सोमवार को जिला अध्यक्ष राम नरेश यादव के ऑफिस में छत्तीसगढ़ नागरिक

**खास बात**

- छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन की प्रदेश अध्यक्ष ने ली बैठक

सुरक्षा फाउंडेशन की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिह ने पदाधिकारी की बैठक लेने पहुंची।

सर्वप्रथम भारत माता के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जिला अध्यक्ष ने मुख्यअतिथि आरती सिह का फूल गुच्छ से स्वागतम किया



बैठक में प्रदेशाध्यक्ष के साथ उपस्थित पदाधिकारी व सदस्य।

गया। स्वागतम पश्चात जिला अध्यक्ष के द्वारा सभी पदाधिकारी का परिचय कराया गया। प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा पदाधिकारी को आई कार्ड वितरण किये गये एवं मुख्य अतिथि के द्वारा नागरिकता सुरक्षा फाउंडेशन के बारे में विस्तार पूर्व जानकारी दी। फाउंडेशन का मूल उद्देश्य नागरिकों एवं महिलाओ पर हो रहे अत्याचार को रोकना नाबालिक बच्चे को शोषण रोकना एवं पशु पक्षीयो की सेवा भाव से कार्य करने के बारे में विस्तार से बताया गया। नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप अग्रवाल से संगठन के बारे में बताया। उपाध्यक्ष मांगेराम अग्रवाल ने सक्ती जिले में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश सहसचिव दीपक गुप्ता, जिलाअध्यक्ष राम नरेश यादव, महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती नेहा गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मांगेराम अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनूप अग्रवाल, कार्यकारीय जिला अध्यक्ष प्रेम लाल पटेल,महासचिव गोविंद देवांगन, प्रवक्ता राजीव लोचन सिंह ठाकुर, युवा जिला अध्यक्ष अमन डालमिया, सहसचिव नितिन सोनी, कोषाध्यक्ष विजय मित्तल, मीडिया प्रभारी नारायण राठौर, सहसचिव गोपाल गौतम, सहसचिव मोहन साहू प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनिरुद्ध अग्रवाल उर्फ गुरु, सदस्य पुरुषोत्तम खूंटे, श्रीमती झरना साहू ,श्रीमती विद्या साहू, श्रीमती रानू घोष जिला सचिव रायगढ़,निखिल चंदा, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

